दिनांक -28 जनवरी, 2022

# राजनीतिक दलों की संपत्ति और देनदारियों का विश्लेषण : वित्तीय वर्ष 2019-20

## एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट

टी- 95, दूसरा मंजिल, सी. एल. हाउस, गौतम नगर,
नई दिल्ली- 110 049
ईमेल- adr@adrindia.org;
दूरभाष - 011-4165 4200

# प्रस्तावना

इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ़ इंडिया (**आईसीऐआई**) द्वारा वाणिज्यिक, औद्योगिक और व्यावसायिक उद्यमों का लेखा पद्धति के लिए एक निर्धारित लेखांकन मानक बनाया है | राजनीतिक दल वाणिज्यिक, गैर- औद्योगिक और गैर- व्यापारिक इकाई के अंतर्गत आती हैं | इस प्रकार से, अन्य संस्थाओं के मानकों का लेखा स्वरूप राजनीतिक दलों पर लागू नहीं होता है |

राजनीतिक दलों का लेखा पद्धति और आयकर विवरण में एकरूपता लाने के लिए भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने आईसीएआई से यह अनुरोध किया की वे एक प्रारूप तैयार करें **|** इस प्रकार, ईसीआई के अनुरोध पर आईसीएआई द्वारा फरवरी 2012 में " ***Guidance note on Accounting & Auditing of political parties*** " या " ***Accounting guidelines*** " तैयार किये गए थे | इस आदेश का उदेश्य राजनीतिक दलों के लेखांकन और लेखा पद्धति के मानकों में सुधार और उनके वित्तीय पारदर्शिता लाना था | इन दिशा-निर्देशों का सिद्धांत राजनीतिक दलों के आय, व्यय, संपत्ति और देनदारियों की मान्यता, माप और वित्तीय विवरण का प्रकटीकरण है |

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा विश्लेषित (दिनांक **16 अक्टूबर, 2017**) रिपोर्ट में सभी सातों राष्ट्रीय दलों द्वारा घोषित संपत्ति और देनदारियों का विश्लेषण किया था यह रिपोर्ट वित्तीय वर्ष 2004-05 से 2015-16 तक की थी | इसके बाद एडीआर ने दिनांक **09 मार्च, 2018** को **22 क्षेत्रीय दलों** द्वारा घोषित संपत्ति और देनदारियों का विश्लेषण किया था यह रिपोर्ट वित्तीय वर्ष 2011-12 से 2015-16 तक की थी | एडीआर ने राष्ट्रीय दलों के आयकर विवरण के विश्लेषण पर (दिनांक 31 जुलाई, 2019 ) एक **रिपोर्ट** जारी की थी, जिसमें 7 राष्ट्रीय दलों के दो वर्षों (वित्तीय वर्ष 2016-17 और 2017-18 के बीच) की संपत्ति और देनदारियों का विश्लेषण था | इन राष्ट्रीय दलों ने वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान **रु 3260.81 करोड़** की संपत्ति घोषित की थी जो वित्तीय वर्ष 2017-18 में **6%** बढ़कर **रु 3456.65 करोड़** हो गयी | क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित संपत्ति और देनदारियों के मामले में, एडीआर के विश्लेषण से पता चला की वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान **39** क्षेत्रीय दलों ने **रु 1267.81 करोड़** की सम्पत्ति घोषित की थी जबकि वित्तीय वर्ष 2017-18 में **41** क्षेत्रीय दलों ने **रु 1320.06 करोड़** की सम्पत्ति दर्शाया था | हाल ही में, एडीआर ने **18 मार्च 2021** को अपनी रिपोर्ट में वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए **7 राष्ट्रीय** और **41 क्षेत्रीय दलों** द्वारा घोषित सम्पत्ति और देनदारियों का विश्लेषण किया था |

यह रिपोर्ट वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए, **7** राष्ट्रीय और **44** क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित संपत्ति और देनदारियों का विश्लेषण है |

# सारांश

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

- ***'बैलेंस शीट' क्या है ?***

बैलेंस शीट में तीन मुख्य वित्तीय जानकारी होती है | **क**) दलों के संपत्ति में नकद, बैंक निवेश, गाडी, चल और अचल संपत्ति आदि ऐसे संसाधन होते हैं | **ख**) राजनीतिक दलों के कुल सम्पति से कुल देनदारियों को घटा कर जो शेष है वो कैपिटल या रिज़र्व फण्ड है तथा दल इस पूंजी को अन्य सम्पति या देनदारियों में उपयोग करते हैं | **ग**) राजनीतिक दलों के देनदारियों में बैंकों से ऋण, ओवरड्राफ्ट सुविधाएँ, असुरक्षित ऋण आदि शामिल हैं |

- ***राजनीतिक दलों के संपत्ति और देनदारियों/ आय और व्यय में विशेषता क्या है?***

संस्थाओं की कार्यविधि और गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए लेखांकन मानक बनाया गया है |राजनीतिक दलों की कोई व्यसायिक गतिविधि नहीं होती है, इसका उदेश्य केवल लेखा पद्धति को एकरूपता से बनाये रखना है | राजनीतिक दलों के कार्यविधि के अनुसार, लेखा पद्धति के शब्दावली में थोड़ा संशोधन जैसे लाभ और हानि की जगह आय और व्यय है |

- ***चुनाव आयोग की पारदर्शिता के दिशा निर्देश क्या हैं ?***

मुक्त और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए अगर क़ानूनी तौर पर गतिविधियों में कमी हो तो सविधान का **अनुच्छेद 324** चुनाव आयोग को पूर्ण सशक्त बनाता है | यह सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले (एआईआर 1978 एससी 851) के द्वारा स्थापित है | चुनाव आयोग ने 2014 में सभी मान्यता प्राप्त दलों के साथ परामर्श करके 'पारदर्शिता दिशानिर्देश' प्रचलित की जो इन दलों पर क़ानूनी तौर पर बाध्यकारी है | इन दिशानिर्देश में चुनाव आयोग ने दलों को आईसीएआई के निर्देशों (जो फ़रवरी, 2012 में संचारित किये गए थे) का पालन करने की सलाह दी है |


पारदर्शिता दिशानिर्देश 2014 में सभी मान्यता प्राप्त दलों के साथ क़ानूनी परामर्श करके प्रचालित किये गए और यह बाध्यकारी हैं | इन दिशानिर्देशों में राजनीतिक दलों को वित्तीय पारदर्शिता में सुधार के लिए कठोरता से पालन करने की सलाह दी है | यह दिशा निर्देश आईसीएआई द्वारा फरवरी, 2012 से परिचालित है |

- ***इस रिपोर्ट में क्या जानकारी है?***

इस रिपोर्ट में वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान **7** राष्ट्रीय दलों (बीजेपी, कांग्रेस, बीएसपी, एनएसपी, सीपीआई, सीपीएम और तृणमूल कांग्रेस) और **44** क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित संपत्ति, देनदारियों और कैपिटल (पूँजी) का विश्लेषण किया गया है | संपत्ति में अचल सम्पत्तियों, ऋण और अग्रिम, जमा और निवेश आदि शामिल हैं | जबकि देनदारियों में बैंक उधार, विविध लेनदार, ओवरड्राफ्ट, अन्य देनदारियों आदि शामिल हैं | पूँजी या आरक्षित निधि वह राशि है जो दलों द्वारा हर साल कुल खर्च से देनदारियों को घटाने के बाद पार्टी खर्च के लिए अलग रखी जाती है |

**राजनीतिक दलों द्वारा घोषित संपत्ति : वित्तीय वर्ष 2019-20**


- वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, **7** राष्ट्रीय और **44** क्षेत्रीय दलों ने क्रमशः **रु 6988.57 करोड़** और **रु 2129.38 करोड़** की कुल संपत्ति घोषित की है |




- सात राष्ट्रीय दलों में, वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए सबसे अधिक संपत्ति **बीजेपी** ने **रु 4487.78 करोड़** (69.37%) घोषित की है उसके बाद **बीएसपी** ने **रु 698.33 करोड़** (**9.99%**) और **कांग्रेस** ने **रु 588.16 करोड़** (8.42%) की संपत्ति अपने विवरण में घोषित की है |

| Political Party | Assets declared by National Parties - FY 2019-20 (in Rs crores) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | FDR/Deposits (Only Banks) | Fixed Assets | Others Assets | Loans and Advance | TDS & TCS | Investments | Total Assets |
| BJP | 3253.00 | 716.67 | 257.41 | 590.186 | 30.513 | - | **Rs 4847.78 cr** |
| BSP | 618.86 | 31.22 | 32.31 | 0.318 | 15.622 | - | **Rs 698.33 cr** |
| INC | 240.90 | 215.72 | 69.652 | 57.49 | 2.000 | 2.398 | **Rs 588.16 cr** |
| CPM | 199.566 | 119.42 | 178.453 | 72.08 | 0 | - | **Rs 569.519 cr** |
| AITC | 1.259 | 3.66 | 241.389 | 0.993 | 0.019 | * | **Rs 247.78 cr** |
| CPI | 15.634 | 2.868 | 1.12 | 9.394 | 0.105 | 0.139 | **Rs 29.78 cr** |
| NCP | 1.864 | 4.42 | 1.456 | 0.41 | 0.05 | - | **Rs 8.20 cr** |
| **Total** | **Rs 4331.08 cr** | **Rs 1093.98 cr** | **Rs 781.79 cr** | **Rs 730.87 cr** | **Rs 48.31 cr** | **Rs 2.54 cr** | **Rs 6988.57 cr** |


***एफडीआर/फिक्स्ड डिपॉज़िट के साथ पार्टी द्वारा घोषित की गयी राशि**




- वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, 44 क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के कुल सम्पत्ति में से **रु 2028.715 करोड़** (95.27%) की सम्पत्ति शीर्ष के **दस दलों** ने घोषित की है | (अनुबंध एक को देखें)
- क्षेत्रीय दलों में से समाजवादी पार्टी ने सबसे अधिक **रु 563.47 करोड़** (26.46%) की सम्पत्ति घोषित की है, इसके बाद **टीआरएस** ने **रु 301.47 करोड़** और **एआईडीएमके** ने **रु 267.61 करोड़** की सम्पत्ति दर्शायी है |
- वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, क्षेत्रीय दलों की घोषित कुल सम्पत्ति का सबसे बड़ा हिस्सा फिक्स्ड डिपाजिट/एफडीआर से था जिससे दलों ने **रु 1639.51 करोड़** (76.99%) की धनराशि घोषित की है |

| Political Party | Assets declared by top 10 Regional Parties - FY 2019-20 (in Rs crores) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | FDR/Deposits (Only Banks) | Fixed Assets | Others Assets | Loans and Advance | TDS & TCS | Investments | Total Assets |
| SP | 434.219 | 86.39 | 28.551 | 14.31 | - | - | **Rs 563.47 cr** |
| TRS | 256.01 | 21.27 | 21.68 | 0.4 | 2.11 | - | **Rs 301.47 cr** |
| AIADMK | 246.90 | 13.316 | 6.176 | 1.11 | 0.108 | - | **Rs 267.61 cr** |
| TDP | 86.97 | 79.74 | 8.17 | 13.31 | - | - | **Rs 188.19 cr** |
| Shivsena | 148.46 | 2.90 | 31.32 | 2.126 | 1.094 | * | **Rs 185.90 cr** |
| DMK | 162.425 | 18.348 | 2.386 | 0.728 | 0.353 | * | **Rs 184.24 cr** |
| YSR-C | 135 | 0.127 | 7.562 | 0.005 | 0.906 | | **Rs 143.60 cr** |
| BJD | 118.425 | 1.472 | 6.223 | 2.6235 | 0.0085 | - | **Rs 128.752 cr** |
| JDU | 41.9484 | 2.516 | 0.5466 | 0.0532 | 0.0298 | - | **Rs 45.094 cr** |
| RLD | 2.856 | 6.527 | 2.176 | 0.375 | 0.035 | 8.42 | **Rs 20.389 cr** |
| **34 Other Parties** | 6.296 | 37.284 | 49.99 | 6.599 | 0.496 | 0.0001 | **Rs 100.665 cr** |
| **Total** | **Rs 1639.51 cr** | **Rs 269.89 cr** | **Rs 164.78 cr** | **Rs 41.64 cr** | **Rs 5.14 cr** | **Rs 8.42 cr** | **Rs 2129.38 cr** |

*एफडीआर/फिक्स्ड डिपॉज़िट के साथ पार्टी द्वारा घोषित की गयी राशि





## राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित विभिन्न सम्पत्तियों का विवरण - वित्तीय वर्ष 2019-20

- राजनीतिक दलों द्वारा घोषित सम्पत्ति 6 प्रमुखों के अंतर्गत है : अचल सम्पत्ति, ऋण और अग्रिम, एफडीआर/जमा, टीडीएस, निवेश और अन्य सम्पत्ति |
- वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, सभी राजनीतिक दलों ने **एफडीआर/फिक्स्ड डिपाजिट** के अंतर्गत अधिकतम सम्पत्ति घोषित की है जो कुल सम्पत्ति का **65.48%** यानिकी **रु 5970.59 करोड़** थी | इसके बाद **फिक्स्ड एसेट्स** के तहत **रु 1363.87 करोड़** और **अन्य सम्पत्तियों** के तहत **रु 946.57 करोड़** (10.38%) की सम्पत्ति घोषित की थी |

| National & Regional Parties: Total Assets declared- FY 2019-20 | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Political Party** | **Assets (in Rs crores)** | | | | | | |
| | **FDR/Deposits (Only Banks)** | **Fixed Assets** | **Others Assets** | **Loans and Advances** | **TDS & TCS** | **Investments** | **Total Assets** |
| **National Parties** | 4331.08 | 1093.98 | 781.79 | 730.87 | 48.31 | 2.54 | **Rs 6988.57 cr** |
| **Regional Parties** | 1639.51 | 269.89 | 164.78 | 41.64 | 5.14 | 8.42 | **Rs 2129.38 cr** |
| **Grand Total** | **Rs 5970.59 cr** | **Rs 1363.87 cr** | **Rs 946.57 cr** | **Rs 772.51 cr** | **Rs 53.45 cr** | **Rs 10.96 cr** | **Rs 9117.95 cr** |

- वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, राष्ट्रीय दलों में **बीजेपी** और **बीएसपी** ने **एफडीआर/फिक्स्ड डिपाजिट** के अंतर्गत क्रमशः **रु 3253.00 करोड़** और **रु 618.86 करोड़** की सबसे अधिक सम्पत्ति घोषित की है | जबकि **कांग्रेस** ने एफडीआर/फिक्स्ड डिपाजिट के तहत ही सबसे अधिक **रु 240.90 करोड़** की सम्पत्ति दर्शायी है |
- क्षेत्रीय दलों में, समाजवादी पार्टी (रु 434.219 करोड़), टीआरएस (रु 256.01 करोड़), एआईएडीएमके (रु 246.90 करोड़), डीएमके (रु 162.425 करोड़), शिवसेना (रु 148.46 करोड़), बीजेडी (रु 118.425 करोड़) आदि दलों ने सबसे अधिक राशि **एफडीआर/फिक्स्ड डिपाजिट** के अंतर्गत घोषित की है |





## राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित देनदारियां - वित्तीय वर्ष 2019-20


- वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, 7 राष्ट्रीय और 44 क्षेत्रीय राजनीतिक दलों ने **रु 134.93 करोड़** की देनदारियां घोषित की हैं|
- राजनीतिक दलों द्वारा घोषित देनदारियां **दो प्रमुखों** के अंतर्गत आती है : **उधार** (बैंकों, ओवरड्राफ्ट सुविधाएँ और विविध लेनदारों) और **अन्य देनदारियों** | राजनीतिक दलों ने उधार के माध्यम से **रु 34.55 करोड़** (25.61%) और अन्य देयताओं से **रु 100.38 करोड़** (74.39%) की देनदारी घोषित की है |

| National & Regional Parties: Total Liabilities declared, FY 2019-20 | | | |
|---|---|---|---|
| **Political Party** | **Borrowings (Banks, Overdraft and sundry Creditors*)** | **Other Liabilities** | **Total Liabilities** |
| **National Parties** | 4.26 | 70.01 | **Rs 74.27 cr** |
| **Regional Parties** | 30.29 | 30.37 | **Rs 60.66 cr** |
| **Grand Total** | **Rs 34.55 cr** | **Rs 100.38 cr** | **Rs 134.93 cr** |

- राष्ट्रीय दलों ने वित्तीय वर्ष 2019-20 में कुल **रु 74.27 करोड़** की देनदारियां घोषित की थी जिसमें से दलों ने **उधार** के तहत **रु 4.26 करोड़** और **अन्य देनदारियों** से **रु 70.01 करोड़** का ऋण घोषित किया था |
- वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान **कांग्रेस** ने सबसे अधिक **रु 49.55 करोड़** (66.72%) का कुल ऋण घोषित किया था इसके बाद तृणमूल कांग्रेस ने **रु 11.32 करोड़** (15.24%) की देनदारी राशि अपने विवरण में घोषित की थी |




| Liabilities declared by National Parties - FY 2019-20 (in Rs crores) | | | |
|---|---|---|---|
| **Political Party** | **Borrowings (Banks, Overdraft and sundry Creditors*)** | **Other Liabilities** | **Total Liabilities** |
| INC | 2.233 | 47.317 | **Rs 49.55 cr** |
| AITC | 0 | 11.32 | **Rs 11.32 cr** |
| BJP | 1.84 | 6.97 | **Rs 8.81 cr** |
| CPM | 0 | 3.20 | **Rs 3.20 cr** |
| NCP | 0 | 0.749 | **Rs 0.749 cr** |
| CPI | 0.19 | 0.452 | **Rs 0.642 cr** |
| BSP | 0 | 0 | **Rs 0 cr** |
| **Total** | **Rs 4.26 cr** | **Rs 70.01 cr** | **Rs 74.27 cr** |





- क्षेत्रीय राजनीतिक दलों ने वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान कुल **रु 60.66 करोड़** की देनदारियां घोषित की थी | दलों ने **उधार** के अंतर्गत **रु 30.29 करोड़** का ऋण और **अन्य देनदारियों** के तहत **रु 30.37 करोड़** का ऋण घोषित किया था | (अनुबंध दो को देखें)
- वित्तीय वर्ष 2019-20 में शीर्ष के **10** राजनीतिक दलों ने **रु 57.314 करोड़** की ऋण घोषित किया है जबकि शेष **34** क्षेत्रीय दलों ने **रु 3.346 करोड़** की कुल देनदारी घोषित की है |
- वित्तीय वर्ष 2019-20 में, **टीडीपी** ने **रु 30.342 करोड़** (50.02%) की कुल देनदारियां और इसके बाद **डीएमके** ने **रु 8.05 करोड़** (13.37%) का ऋण घोषित किया था |

| Liabilities declared by Regional Parties - FY 2019-20 (n Rs crores) | | | |
|---|---|---|---|
| **Political Party** | **Borrowings (Banks, Overdraft and sundry Creditors*)** | **Other Liabilities** | **Total Liabilities** |
| TDP | 27.262 | 3.08 | **Rs 30.342 cr** |
| DMK | - | 8.05 | **Rs 8.05 cr** |
| TRS | - | 4.41 | **Rs 4.41 cr** |
| RJD | - | 3.24 | **Rs 3.24 cr** |
| IUML | - | 2.906 | **Rs 2.906 cr** |
| JDS | 2.50 | 0.001 | **Rs 2.50 cr** |
| DMDK | - | 2.17 | **Rs 2.17 cr** |
| AJSU | 0.195 | 1.683 | **Rs 1.878 cr** |
| SAD | - | 1.142 | **Rs 1.142 cr** |
| BJD | - | 0.675 | **Rs 0.675 cr** |
| 34 Other Parties | 0.333 | 3.013 | **Rs 3.346 cr** |
| **Total** | **Rs 30.29 cr** | **Rs 30.37 cr** | **Rs 60.66 cr** |



**राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित पूँजी/रिज़र्व फंड्स - वित्तीय वर्ष- 2019-20**


- वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों का कुल निर्धारित पूँजी (कैपिटल या रिज़र्व फंड्स) क्रमशः **रु 6914.30 करोड़** और **रु 2068.72 करोड़** था |




- इस वित्तीय वर्ष में राष्ट्रीय दलों में से **बीजेपी** ने सबसे अधिक **रु 4838.97 करोड़** और इसके बाद **बीएसपी** ने **रु 698.33 करोड़** की पूँजी घोषित की है |
- पूँजी के मामले में **एनसीपी** ने सबसे कम **रु 7.451 करोड़** उसके बाद **सीपीआई** ने **रु 28.618 करोड़** की राशि घोषित की है |


| Status of Capital/reserve funds of National Parties - FY 2019-20 (in Rs crores) | |
|---|---|
| **National Party** | **Capital/Reserve Fund** |
| BJP | 4838.97 |
| BSP | 698.33 |
| CPM | 566.32 |
| INC | 538.61 |
| AITC | 236.00 |
| CPI | 28.618 |
| NCP | 7.451 |
| **Total** | **Rs 6914.30 cr** |

**Status of Capital/reserve funds of National Parties, FY 2019-20 (in Rs Cr)**




- शीर्ष के **10** क्षेत्रीय दलों ने **रु 1984.28 करोड़** की कुल पूँजी घोषित की है जबकि शेष **34 दलों** का कुल पूँजी **रु 84.44 करोड़** था |
- वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, **समाजवादी पार्टी** ने **रु 563.099 करोड़** का सबसे अधिक पूँजी घोषित की है इसके बाद **टीआरस** ने **रु 297.06 करोड़** और **एआईडीएमके** ने **रु 267.48 करोड़** की राशि दर्शायी है |

| Status of Capital/reserve funds of Regional Parties - FY 2019-20 (Rs in crores) | |
|---|---|
| **Regional Party** | **Capital/Reserve Fund** |
| SP | 563.099 |
| TRS | 297.06 |
| AIADMK | 267.48 |
| Shivsena | 185.884 |
| DMK | 176.19 |
| TDP | 157.848 |
| YSR-C | 143.31 |
| BJD | 128.077 |
| JDU | 45.025 |
| RLD | 20.306 |
| 34 Other Parties | 84.44 |
| **Total** | **Rs 2068.72 cr** |




# एडीआर के अवलोकन और सिफारिशें

## अवलोकन

1. आईसीएआई के दिशानिर्देशों के मुताबिक, दलों ने जो ऋण वित्तीय संस्थाओं और बैंकों/एजेंसीयों से लिया है उसका जानकारी आयकर विवरण में देना होता है | इन दिशानिर्देशों में यह भी वर्णित किया है की जो ऋण दलों ने लिया/दिया है, उनके वापसी/भुगतान की समय-सीमा की जानकारी भी देना होता है (जैसे वापसी एक साल के अंतर्गत, एक से पांच साल के बीच या पांच साल के बाद)- **राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों ने यह जानकारी घोषित नहीं किया है** |
2. दलों को दान के रूप में प्राप्त अचल संपत्ति का मूल लागत, अतिरिक्त या कटौती, निर्माण की लागत आदि का विवरण देना होता है | दलों से खरीदी गयी अचल सम्पति का भी विवरण देना चाहिए - **यह जानकारी सभी राजनीतिक दलों ने नहीं दी है** |
3. दलों द्वारा कुल ऋण का 10% या उससे अधिक नकद या अन्य प्रकार से दिया गया ऋण का ब्यौरा घोषित करना होता है और साथ ही साथ दी गयी राशि का वजह भी देना होता है – **सभी राजनीतिक दलों ने ये जानकारी घोषित नहीं की है** |
4. निवेश के तहत, दो राजनीतिक दलों **आरएलडी** और **एजीपी** ने क्रमशः म्यूचुअल फण्ड और शेयरों के रूप में अपने निवेश का विवरण घोषित किया है |
5. दलों के आय, व्यय और सम्पति में पारदर्शिता लाने के लिए चुनाव आयोग ने आईसीएआई को दिशानिर्देश तैयार करने की अनुरोध किया, लेकिन यह दिशानिर्देश कागज़ों तक ही सिमित रह गए | दलों ने अपने आयकर विवरण में इन दिशानिर्देशों को लागू नहीं किया है |
    - दानदाताओं के पूरा विवरण और उनके क्षेत्रवार वर्गीकरण (जैसे व्यक्तियों, कंपनियों, संस्थानों /अन्य) का प्रकटीकरण - **दलों द्वारा घोषित दान रिपोर्ट में वर्गीकरण नहीं किया गया है** |

- कूपन का वर्गीकरण की जानकारी भी अलग अनुबंध के रूप में दलों को जमा करना चाहिए - **दलों द्वारा घोषित दान रिपोर्ट में वर्गीकरण नहीं किया गया है |**
- लेखांकन की क्रमिक विधि द्वारा आय/व्यय की गणना और लेखांकन की नगद प्रवाह विधि नहीं है जहाँ पूर्व विधि पारदर्शिता में अधिक गुजांइश प्रदान करती है |
- अवमूल्यन और मूलयह्रास का वार्षिक सम्पत्ति के मूल्यांकन में पूर्ण रूप से स्पष्ट होना चाहिए |

## सिफारिशें

1. हर तीन साल में ऑडिटर का बदलाव :

   - अगस्त 29TH , 2013 में **Companies Act, 2013** में संशोधन लाया गया कि सब कंपनियों को हर पांच साल में अपने ऑडिटर बदलना अनिवार्य हैं | लेकिन यह नियम दलों पर लागू नहीं है | इसके कारण, जब एक ही फर्म/ऑडिटर दलों का ऑडिट कई सालों से करते हैं तो दलों के वित्तपोषण को अपारदर्शी करने में आसानी होती है | यह देखा गया है की पिछले पांच वर्षों (वित्तीय वर्ष 2015-16 से वित्तीय वर्ष 2019-20 तक) से बीजेपी, कांग्रेस, बीएसपी, त्रिणमूल कांग्रेस, एनपीसी और सीपीएम जैसे राजनीतिक दलों के खातों का ऑडिट एक ही ऑडिटर कर रहा है | जबकि **सीपीआई** का ऑडिटर वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2019-20 के बीच तीन बार बदला गया है |
   - हमारे देश में क़ानूनी तौर पर विदेशी ऑडिटिंग फर्म को भारत में संचालित करने की अनुमति नहीं है मगर भारतीय फर्म उनके साथ जुड़कर काम कर सकते हैं | ऐसे साथ काम करने वाले भारतीय फर्मों को दलों का ऑडिटिंग नहीं करना चाहिए क्यूंकि ऐसा करने से विदेशी फर्म को भारतीय दलों की अंदरूनी एकाउंटिंग की जानकारी मिल सकती है |
   - राजनीतिक दलों के खातों को बनाये रखने के लिए, 255 वें कानून आयोग की रिपोर्ट ने यह सिफारिश की है कि **CAG** के पैनल से योग्य और अनुभवी चार्टेड अकाउंटेंट ही नियुक्त करें | वर्तमान में राजनीतिक दल स्वयं ही ऑडिटर का चयन करते हैं इसलिए इसे बदलने कि जरुरत है |

2. राजनीतिक दलों के आय और व्यय विवरण का मूल्यांकन शायद ही कभी किया जाता है| प्रस्तुत खातों कि प्रमाणिकता संदेहास्पद है | जब भी प्रमाणिकता सत्यापित नहीं होती हैं तो, इस बात की सम्भावना होती है कि ऑडिटर जो खातों की कम रिपोर्टिंग कर रहे हैं, वे जवाबदेही के दायरे से बाहर रहेंगे | आईटीआर को आनलाइन जमा करने के साथ साथ दलों कि आय, व्यय, सम्पति और देनदारियों का विवरण भी उपलब्ध कराना चाहिए | इस प्रकार, आईटी विभाग में राजनीतिक दलों कि वित्तीय संबंधी जानकारी पयार्प्त रूप से उपलब्ध होगी | राजनीतिक दलों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की वार्षिक जाँच होनी चाहिए |
3. 170 वें कानून आयोग रिपोर्ट ने आर पी अधिनियम में धारा 78ए की प्रस्तावना कि सिफारिश की है जिसके दौरान समय पर खातों को न जमा करने वाले दोषी राजनीतिक दलों पर करवाई की जाएगी | इसे लागू करने की जरुरत है |
4. आयकर अधिनियम की धारा **276 सी सी**, उन व्यक्तियों को दण्डित करती है जो अपना आयकर विवरण जमा करने में विफल रहते हैं | इसी तरह के कानूनी प्रावधान राजनीतिक दलों पर भी लागू होने चाहिए | कॉमन कॉज बनाम भारतीय संघ और संगठन के फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था की जब राजनीतिक दल अपना आयकर विवरण दाखिल करने में चूक करती हैं तो वे आयकर अधिनियम के प्रावधानों का उलंघन करती हैं | वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए, चुनाव आयोग की वेबसाइट पर **जेकेएनसी** और **आरएसपी** जैसे प्रमुख क्षेत्रियों दलों के ऑडिट रिपोर्ट उपलब्ध नहीं हैं | राष्ट्रीय दलों के मामले में, **बीजेपी** ने

अपने ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने में **21 दिनों** की देरी की थी और एनपीईपी पार्टी का ऑडिट रिपोर्ट आज की तारीख तक आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं है |

## अस्वीकरण

रिपोर्ट में उपयोग किए गए डेटा का स्त्रोत, भारत चुनाव आयोग के वेबसाइट पर उपलब्ध राजनीतिक दलों के वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट से लिया गया है | इस डेटा को https://myneta.info/party और चुनाव आयोग के वेबसाइट में देख सकते हैं | यह विश्लेषण राजनीतिक दलों द्वारा प्रस्तुत किए गए विवरणों में उल्लेखित जानकारी के अनुसार है इस रिपोर्ट को बनाते समय डाटा की सत्यता का पूरा ध्यान रखा गया है | यदि इस रिपोर्ट में दी गयी जानकारी और दलों के विवरणों में घोषित जानकारी में अंतर् पाया जाता है तो ऐसे मामलों में राजनीतिक दलों द्वारा दी गई जानकारी ही सही माना जाना चाहिए | एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर), नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्लू) और उसके स्वयंसेवक इसके प्रकाशन से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से होने वाली किसी भी क्षति के लिए जिम्मेदार या उत्तरदायी नहीं होंगे |

## सम्पर्क विवरण

| **Media and Journalist Helpline:** | **Maj. Gen Anil Verma (Retd.)** | **Prof Jagdeep Chhokar** | **Prof Trilochan Sastry** |
|---|---|---|---|
| +91 80103 94248,<br>Email:<br>adr@adrindia.org | Head - NEW/ADR<br>+91 11 4165 4200<br>+91 88264 79910<br>anilverma@adrindia.org | IIM Ahmedabad (Retd.)<br>Founder Member-NEW/ADR<br>jchhokar@gmail.com | IIM Bangalore<br>Founder Member- NEW/ADR<br>+91 94483 53285<br>tsastry@gamil.com |

# अनुबंध-1

| Assets declared by Regional Parties for FY 2019-20 | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Political Party | Details of Various Assets (in Rs crores) | | | | | | |
| | Fixed Assets | Loans and Advances | FDR/Deposits (Only Banks) | TDS & TCS | Investments | Others Assets | Total Assets |
| SP | 86.39 | 14.31 | 434.219 | - | - | 28.551 | **Rs 563.47 cr** |
| TRS | 21.27 | 0.4 | 256.01 | 2.11 | - | 21.68 | **Rs 301.47 cr** |
| AIADMK | 13.316 | 1.11 | 246.90 | 0.108 | - | 6.176 | **Rs 267.61 cr** |
| TDP | 79.74 | 13.31 | 86.97 | - | - | 8.17 | **Rs 188.19 cr** |
| Shivsena | 2.90 | 2.126 | 148.46 | 1.094 | * | 31.32 | **Rs 185.90 cr** |
| DMK | 18.348 | 0.728 | 162.425 | 0.353 | * | 2.386 | **Rs 184.24 cr** |
| YSR-C | 0.127 | 0.005 | 135 | 0.906 | | 7.562 | **Rs 143.60 cr** |
| BJD | 1.472 | 2.6235 | 118.425 | 0.0085 | - | 6.223 | **Rs 128.752 cr** |
| JDU | 2.516 | 0.0532 | 41.9484 | 0.0298 | - | 0.5466 | **Rs 45.094 cr** |
| RLD | 6.527 | 0.375 | 2.856 | 0.035 | 8.42 | 2.176 | **Rs 20.389 cr** |
| AAP | 0.792 | 0.60 | 2.276 | - | - | 15.982 | **Rs 19.65 cr** |
| JDS | 6.305 | 0.23 | 0.1567 | 0.041 | - | 8.72 | **Rs 15.452 cr** |
| IUML | 0.948 | 0.904 | 2.584 | 0.0467 | | 6.202 | **Rs 10.685 cr** |
| JMM | 0.387 | 0.48 | 0.29 | - | * | 6.353 | **Rs 7.51 cr** |
| SDF | 6.708 | 0.005 | - | - | - | 0.643 | **Rs 7.356 cr** |
| NDPP | 6.699 | - | - | 0.0086 | - | 0.6354 | **Rs 7.343 cr** |
| AIFB | 2.56 | 0.075 | 0.905 | 0.03 | * | 0.73 | **Rs 4.30 cr** |
| LJP | 2.76 | 0.06 | - | 0.012 | - | 1.088 | **Rs 3.92 cr** |
| PMK | 1.779 | 0.413 | - | - | - | 1.391 | **Rs 3.583 cr** |
| RJD | 2.517 | - | - | 0.005 | - | 0.718 | **Rs 3.24 cr** |
| INLD | 1.436 | 0.2765 | - | 0.1135 | - | 0.464 | **Rs 2.29 cr** |
| JJP | 0 | 0.484 | 0 | - | - | 1.724 | **Rs 2.208 cr** |
| DMDK | 0.072 | 0.532 | - | 0.171 | - | 1.395 | **Rs 2.17 cr** |
| SAD | 1.507 | - | 0.065 | 0.071 | - | 0.527 | **Rs 2.17 cr** |
| GFP | 0.036 | 1.545 | - | - | - | 0.351 | **Rs 1.932 cr** |
| NPF | 1.862 | - | - | - | - | 0.006 | **Rs 1.868 cr** |
| BPF | 0.119 | - | - | - | - | 1.44 | **Rs 1.559 cr** |
| JKPDP | 0.115 | 0.477 | - | - | - | 0.287 | **Rs 0.879 cr** |
| AJSU | 0.099 | 0.50 | - | - | - | 0.182 | **Rs 0.78 cr** |
| SKM | - | - | - | - | - | 0.597 | **Rs 0.597 cr** |
| MGP | 0.355 | - | - | - | - | 0.025 | **Rs 0.38 cr** |
| AIUDF | 0.044 | 0.003 | - | - | - | 0.203 | **Rs 0.25 cr** |
| KCM | 0.095 | - | - | - | - | 0.035 | **Rs 0.13 cr** |
| AGP | 0.034 | 0.0052 | 0.0197 | | 0.0001 | 0.051 | **Rs 0.11 cr** |
| JKNPP | 0.0075 | - | - | - | - | 0.099 | **Rs 0.107 cr** |
| ZNP | 0.004 | - | - | - | - | 0.053 | **Rs 0.057 cr** |
| RLP | 0.0158 | - | - | - | - | 0.0384 | **Rs 0.0542 cr** |
| UDP | - | - | - | - | - | 0.036 | **Rs 0.036 cr** |
| AINRC | 0.019 | 0.009 | - | - | - | 0.001 | **Rs 0.029 cr** |
| MNF | 0.0018 | - | - | - | - | 0.0092 | **Rs 0.011 cr** |
| PDA | 0.0056 | - | - | - | - | 0.0013 | **Rs 0.0069 cr** |
| MPC | 0.00138 | - | - | - | - | 0.00154 | **Rs 0.00292 cr** |

| Assets declared by Regional Parties for FY 2019-20 | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Political Party | Details of Various Assets (in Rs crores) | | | | | | |
| | Fixed Assets | Loans and Advances | FDR/Deposits (Only Banks) | TDS & TCS | Investments | Others Assets | Total Assets |
| IPFT | 0.0017 | - | - | - | - | 0.0011 | **Rs 0.0028 cr** |
| JVM-P | 0 | 0 | 0 | 0 | - | 0 | **Rs 0 cr** |
| **Total** | **Rs 269.89 cr** | **Rs 41.64 cr** | **Rs 1639.51 cr** | **Rs 5.14 cr** | **Rs 8.42 cr** | **Rs 164.78 cr** | **Rs 2129.38 cr** |

# अनुबंध-2

| Regional Parties: Assets & Liabilities for FY 2019-20 | | | |
|---|---|---|---|
| Political Party | Liabilities (in Rs crores) | | |
| | Borrowings (Banks, Overdraft and sundry Creditors*) | Other Liabilities | Total Liabilities |
| TDP | 27.262 | 3.08 | **Rs 30.342 cr** |
| DMK | - | 8.05 | **Rs 8.05 cr** |
| TRS | - | 4.41 | **Rs 4.41 cr** |
| RJD | - | 3.24 | **Rs 3.24 cr** |
| IUML | - | 2.906 | **Rs 2.906 cr** |
| JDS | 2.50 | 0.001 | **Rs 2.50 cr** |
| DMDK | - | 2.17 | **Rs 2.17 cr** |
| AJSU | 0.195 | 1.683 | **Rs 1.878 cr** |
| SAD | - | 1.142 | **Rs 1.142 cr** |
| BJD | - | 0.675 | **Rs 0.675 cr** |
| AAP | 0.124 | 0.446 | **Rs 0.57 cr** |
| JKPDP | - | 0.563 | **Rs 0.563 cr** |
| LJP | - | 0.53 | **Rs 0.53 cr** |
| **SP** | 0.09 | 0.281 | **Rs 0.37 cr** |
| YSR-C | - | 0.29 | **Rs 0.29 cr** |
| JMM | - | 0.27 | **Rs 0.27 cr** |
| INLD | - | 0.16 | **Rs 0.16 cr** |
| AIADMK | - | 0.13 | **Rs 0.13 cr** |
| JKNPP | 0.109 | - | **Rs 0.11 cr** |
| RLD | - | 0.083 | **Rs 0.083 cr** |
| JDU | - | 0.069 | **Rs 0.069 cr** |
| GFP | - | 0.049 | **Rs 0.049 cr** |
| JJP | - | 0.028 | **Rs 0.028 cr** |
| SDF | - | 0.0189 | **Rs 0.0189 cr** |
| PMK | - | 0.017 | **Rs 0.017 cr** |
| Shivsena | - | 0.016 | **Rs 0.016 cr** |
| AIUDF | - | 0.015 | **Rs 0.015 cr** |
| BPF | - | 0.014 | **Rs 0.014 cr** |
| AINRC | 0.0125 | 0 | **Rs 0.0125 cr** |
| NDPP | - | 0.01 | **Rs 0.01 cr** |
| MGP | - | 0.006 | **Rs 0.006 cr** |
| KCM | - | 0.006 | **Rs 0.006 cr** |
| AGP | - | 0.005 | **Rs 0.005 cr** |

| Regional Parties: Assets & Liabilities for FY 2019-20 | | | |
|---|---|---|---|
| **Political Party** | **Liabilities (in Rs crores)** | | |
| | **Borrowings (Banks, Overdraft and sundry Creditors*)** | **Other Liabilities** | **Total Liabilities** |
| NPF | - | 0.004 | **Rs 0.004 cr** |
| RLP | - | 0.0001 | **Rs 0.0001 cr** |
| AIFB | - | - | **Rs 0** |
| SKM | - | - | **Rs 0** |
| ZNP | - | - | **Rs 0** |
| UDP | - | - | **Rs 0** |
| MNF | - | - | **Rs 0** |
| PDA | - | - | **Rs 0** |
| MPC | - | - | **Rs 0** |
| IPFT | - | - | **Rs 0** |
| JVM-P | 0 | 0 | **Rs 0** |
| **Total** | **Rs 30.29 cr** | **Rs 30.37 cr** | **Rs 60.66 cr** |